SAMAGRA SHIKSHA -KERALAM

# योगात्मक आकलन (I)

SUMMATIVE ASSESSMENT (I)

**809**

**A**

## 2026-2027

Time : 90 Mins
Cool off time : 15 Mins

Third Language

## Hindi

STD. VIII
Score : 40

---

**सूचना : 'हाची की कहानी' का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> रोज़ के इस संग-साथ के कारण दोनों में ऐसा लगाव बन गया कि हाची अब उन्हींको अपना मालिक मानने लगा। प्रोफ़ेसर की पत्नी को शुरू में हाची पसंद नहीं आया। लेकिन उसकी सुंदरता और प्रोफ़ेसर के प्रति उसके स्नेह ने उनका दिल पिघला दिया।

1. सही विकल्प चुनकर लिखें । 1

   (क) वह + का = उसके
   (ख) वह + के = उसके
   (ग) वह + की = उसके
   (घ) वह + को = उसके

2. हाची ने प्रोफ़ेसर की पत्नी का दिल पिघला दिया। कैसे ? 2

3. प्रोफ़ेसर की पत्नी हाची को पसंद करने लगी। इस अनुभव पर पत्नी की **डायरी** लिखें। 4

**अथवा**

प्रोफ़ेसर की पत्नी हाची को पसंद करने लगी। यह देखकर प्रोफ़ेसर को भी खुशी हुई। प्रोफ़ेसर की **डायरी** लिखें।

**सूचना : 'जूलिया और लूना' कहानी का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> हट्टे-कट्टे आदमियों के सेठ ने अजीबोगरीब तरकीबें लगाईं– कभी पेड़ के नीचे लाउडस्पीकर पर तेज़ शोर मचाया, कभी पेड़ के ऊपर हेलिकॉप्टर उड़ा-उड़ाकर लड़की को रात-रात भर जगाए रखा। " तुम हमारी दोस्ती कभी नहीं तोड़ पाओगे।" लड़की बुलंद आवाज़ में उन्हें कहती।



OXFORD

4. नीचे दिए प्रस्ताव पढ़ें, सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

i. जूलिया पेड़ पर चढ़ गई।

ii. सेठ ने पेड़ का संरक्षण किया।

iii. जूलिया और लूना की दोस्ती अजीब थी।

iv. लोग जूलिया से नाराज़ थे।

(क) i और iv सही हैं।

(ख) ii और iii सही हैं।

(ग) ii और iv सही हैं।

(घ) i और iii सही हैं।

5. "तुम हमारी दोस्ती कभी नहीं तोड़ पाओगे।" लड़की ने ऐसा क्यों कहा ? 2

6. लड़की ने आदमी से कहा "तुम हमारी दोस्ती कभी नहीं तोड़ पाओगे।" इस प्रसंग पर आदमी और लड़की के बीच की **बातचीत** लिखें। 4

**अथवा**

इस प्रसंग पर आदमी और सेठ के बीच की **बातचीत** लिखें।

**सूचना : 'पेड़' कविता का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मिट्टी सिलकर रंग बनाए
पानी सिल आकाश
मिट्टी रंग हवा पानी को
जोड़ा दिया तराश
पेड़ तुम पेड़ नहीं
तुम दर्जी

7. मिट्टी, रंग, हवा और पानी को कौन जोड़ते हैं ? 1

(क) हवा (ख) सूरज

(ग) पेड़ (घ) आकाश

8. पेड़ को क्यों दर्जी कहा गया है ? 2

9. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

**सूचना : 'जूलिया और लूना ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

आदमियों ने सोचा, "आखिर कभी तो उतरेगी। तब काटेंगे पेड़ को।" दिन, हफ़्ते, महीने बीत गए। पर लड़की तो उतरी ही नहीं। लोगों को जब पता चला तो उसके लिए खाना, पानी, स्टोव, किताबें, गद्दा, कंबल, कपड़े सब ले आए। "शुक्रिया" लड़की चहचहाई।

10. नमूने के अनुसार लिखें । 1

| आदमी आता है। | आदमी आ रहा है। |
|---|---|
| लड़की बोलती है। | .......................... । |

11. कोष्ठक के शब्दों की सहायता से **वाक्य विस्तार** करें। 3

(बचाने, छोटी, पेड़ को)

लड़की आती है।

................................।

......................................।

..........................................।

12. मार्च 21 विश्व वन दिवस है। इस अवसर पर **'वन की रक्षा, हमारी सुरक्षा '** का संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें। 4

**अथवा**

जून 5 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आपके स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के लिए **पोस्टर** तैयार करें।

**सूचना : 'हाची की कहानी' का यह अंश पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

जापानी भाषा में हाची का अर्थ होता है आठ, वह अंक, जिसे पूरा जापान बहुत सौभाग्यशाली मानता है। लेकिन पिल्ला ऐसी मजबूर हालत में था कि लगे भाग्य का मारा है। प्रोफ़ेसर ने तय किया कि मैं इस कुत्ते के मालिक को खोजूँगा। जब तक वह नहीं मिलेगा यह मेरे साथ ही रहेगा।

13. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1


(क) मालिक (ख) पिल्ला (ग) अंक (घ) बहुत

OXFORD

14. पिल्ले को 'भाग्य का मारा' क्यों कहा गया है ? 2

15. प्रोफ़ेसर ने कुत्ते के पिल्ले का पालन करने का निर्णय लिया। इसकी सूचना देते हुए वह अपने मित्र के नाम पत्र लिखता है। वह **पत्र** लिखें। 4

**सूचना : चित्र देखें, प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**




16. चित्र के आधार पर दो वाक्य लिखें। 2

17. चित्र के आधार पर दो प्रश्न तैयार करें। 2

■ ■ ■